मार्ग (MAARG) पोर्टल

हाल ही में **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (Department for Promotion of Industry and Internal Trade- DPIIT) ने नेशनल मेंटरशिप प्लेटफॉर्म, मेंटरशिप, सलाहकार, सहायता, लचीलापन और विकास पोर्टल (Mentorship, Advisory, Assistance, Resilience and Growth-MAARG) या मार्ग पोर्टल पर पंजीकरण के लिये** [स्टार्टअप](https://www.drishtiias.com) आवेदनों हेतु कॉल सेवा शुरू की है।

मार्ग (MAARG) पोर्टल:

- **परिचय:**
  - MAARG पोर्टल **स्टार्टअप इंडिया** का नेशनल मेंटरशिप प्लेटफॉर्म है।
  - यह **विविध क्षेत्रों, कार्यों, चरणों, भौगोलिक और पृष्ठभूमि** में स्टार्टअप्स के लिये मेंटरशिप की सुविधा हेतु वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है।



//

- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - पारिस्थितिकी तंत्र सक्षमकर्त्ताओं हेतु मेंटरशिप कार्यक्रम
  - मोबाइल के अनुकूल यूज़र इंटरफेस
  - मेंटर्स के योगदान की मान्यता
  - वीडियो और ऑडियो कॉल विकल्प
- **चरण**: MAARG पोर्टल तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है:
  - **पहला चरण: मेंटर ऑनबोर्डिंग**
    - सफलतापूर्वक लॉन्च तथा निष्पादित किया गया, 400 से अधिक विशेषज्ञ संरक्षक सभी सेक्टरों में शामिल हैं।
  - **दूसरा चरण 2: स्टार्टअप ऑनबोर्डिंग**
    - DPIIT 14 नवंबर, 2022 से मार्ग (MAARG) पोर्टल पर स्टार्टअप्स की ऑनबोर्डिंग लॉन्च कर रहा है।
  - **तीसरा चरण: मार्ग पोर्टल लॉन्च एवं मेंटर मैचमेकिंग**
    - अंतिम लॉन्च जहाँ संरक्षकों को स्टार्टअप्स के साथ मैच किया जाएगा। DPIIT ने दूसरे चरण के तहत स्टार्टअप्स की ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया आरंभ की है।
- **महत्त्व:**
  - स्टार्टअप अब विकास और रणनीति संबंधी व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिये **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित मैचमेकिंग के माध्यम से शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों, सफल संस्थापकों, अनुभवी निवेशकों और विश्व के अन्य विशेषज्ञों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़** सकते हैं।

स्टार्टअप इंडिया:

- **यह भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है** जिसका उद्देश्य स्टार्टअप कल्चर को उत्प्रेरित करना और भारत में नवाचार एवं उद्यमिता के लिये एक मज़बूत व समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।
    - **स्टार्टअप एक उद्यम है जो अपने संस्थापकों द्वारा एक विचार या एक समस्या के समाधान के रूप में शुरू किया जाता है जिसमें महत्त्वपूर्ण व्यावसायिक अवसर की संभावना होती है।**
- 2016 में शुरुआत के बाद से, स्टार्टअप इंडिया ने उद्यमियों का समर्थन करने और भारत को नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरियाँ सृजित करने वालों का देश बनाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम शुरू किये हैं।
- **भारतीय स्टार्टअप जो कि वर्तमान में विश्व में तीसरे स्थान पर है तथा भारत अभी भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र को और बढ़ावा देने के लिये व स्टार्टअप इंडिया स्टार्टअप संस्कृति** को उत्प्रेरित करने तथा भारत में नवाचार एवं उद्यमिता के लिये एक मबूत, समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/maarg-portal